**कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ**

संख्या–एम0ई0–3 / 2013 / 2748                    लखनऊः दिनांक 20 सितम्बर 2013

**सी0पी0एम0टी0–2013 की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग में बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम पर आवंटन के संबंध में आवश्यक सूचना**

निदेशक, यूनानी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या–6339 / यू0नि0 / सी0पी0एम0टी0–319 / 2013–14 दिनांक–16.9.2013 द्वारा अवगत कराया गया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के आयुष विभाग के पत्र संख्या– 17012/28/2013-EP(IM-1) दिनांक–11.9.2013 द्वारा राजकीय तकमिल उत्तिब कालेज, लखनऊ को शैक्षिक सत्र 2013–14 में सभी 40 सीटों पर प्रवेश की अनुमति प्रदान कर दी गयी है।

तद्नुसार सी0पी0एम0टी0–2013 की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग, जो दिनांक 18.9.2013 से 26.9.2013 तक प्रदेश के 04 काउंसिलिंग केन्द्रों पर आयोजित है, में राजकीय तकमिल उत्तिब कालेज, लखनऊ की बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्र की 40 सीटों पर आवंटन की कार्यवाही स्टेट रैंक की काउंसिलिंग के आधार पर सम्पन्न की जायेगी। अतः बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम पर आवंटन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपनी स्टेट रैंक के अनुसार काउंसिलिंग समय सारणी के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**महानिदेशक**